विदेशी मुद्रा पर अधिभार

685. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि विदेश यात्रा पर जाने वाले व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा मन्जूर करते समय 15 प्रतिशत का अधिभार (कर) समाचार संकलन की दृष्टि से विदेश यात्रा करने वाले पत्रकारों पर भी लागू होगा ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : जी, हां।

Headquarter of Nationalised Bank in Orrisa

686. SHRI BASUDEV MOHAPATRA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is no headquarter of any nationalised bank in Orissa; and

(b) if so, what steps Government have taken to open the headquarter of some nationalised banks at Bhubaneswar?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARI): (a) Yes, Sir.

(b) Government have no proposal under consideration to have the headquarters of a nationalised bank at Bhubaneswar.

आवास विकास बैंक का स्थापित किया जाना

687. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एक आवास विकास बैंक की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो कब तक ;

(ख) उसका मुख्यालय कहां होगा तथा उसकी शाखायें प्रारम्भ में कहां कहां खोली जायेंगी ;

(ग) उसके द्वारा आवास निर्माण करने वाले व्यक्तियों, सहकारी संगठनों और व्यापारिक अभिकरणों को किस प्रकार से सहायता दी जायगी ; और

(घ) वित्तीय सहायता देने के लिए इस बैंक को किस प्रकार के दिशा निदेश दिए गए हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (घ) भारतीय रिजर्व बैंक के इक्विटी अंशदान के साथ राष्ट्रीय आवास बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव है । इस संबंध में शीघ्र ही संसद में एक उपयुक्त विधेयक प्रस्तुत किया जायेगा ।

राष्ट्रीय आवास बैंक के मुख्यालय का स्थान उसकी शाखाओं के स्थानों, आवास निर्माण संगठनों को सहायता देने की प्रतिक्रिया से संबंधित ब्यौरा राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना से संबंधित विधेयक के पास होने और अधिनियम के लागू होने के पश्चात् तैयार किया जायेगा ।

उत्तर प्रदेश में टेलीविजन प्रसारण केन्द्र

688. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में किन-किन स्थानों पर टलीविजन प्रसारण केन्द्र स्थापित किये जायेंगे ;

(ख) उस पर कितना धन खर्च होने की संभावना है ; और

(ग) इन केन्द्रों के कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) से (ग) अगले वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश में (देश के अन्य भागों में भी) दूरदर्शन ट्रांसमीटरों की स्थापना करना योजना धनराशि के वार्षिक आबंटन और उपकरणों की आपूर्ति की स्थिति पर निर्भर